भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4134
दिनांक 30 मार्च, 2026

घरेलू रसोई गैस के सिलेंडरों की कीमतों में लगातार वृद्धि

4134 # श्री नीरज डांगी:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्तमान में गैस सिलेंडर के बढ़ती कीमतों के प्रभाव का मूल्यांकन किया है, यदि हाँ, तो इसके मुख्य निष्कर्ष क्या हैं;

(ख) क्या सरकार ने कीमतों में वृद्धि को नियंत्रित करने या आम नागरिकों को राहत देने के लिए कोई उपाय करने पर विचार किया है;

(ग) क्या सरकार घरेलू रसोई गैस की कीमतों में स्थिरता लाने या सब्सिडी योजना को और प्रभावी बनाने पर विचार कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग को सीधे लाभ मिल सके; और

(घ) भविष्य में ऐसी मूल्यवृद्धि को रोकने हेतु सरकार की क्या रणनीति है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ) देश में एलपीजी का मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाज़ार के मूल्यों से जुड़ा होता है और सरकार घरेलू एलपीजी के लिए उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी मूल्य को घटती - बढ़ाती रहती है।

दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले एक घरेलू एलपीजी सिलेंडर का खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) वर्तमान मे 913 रुपये है। दिनांक 09.03.3026 की स्थिति के अनुसार पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को प्रति सिलेंडर 300 रुपये की लक्षित राजसहायता देने के बाद, भारत सरकार सभी पात्र पीएमयूवाई लाभार्थियों को 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर 613 रुपये प्रति सिलेंडर (दिल्ली में) की प्रभावी कीमत पर उपलब्ध करा रही है।

भारत अपनी एलपीजी की ज़रूरत का लगभग 60% आयात करता है और तद्नुसार देश में एलपीजी का मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाज़ार के मूल्यों से जुड़ा होता है। जहां औसत सऊदी सीपी (एलपीजी के मूल्य निर्धारण का अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क) 41% (जुलाई 2023 में अमेरिकी डॉलर 385/एमटी से फरवरी 2026 में अमेरिकी डॉलर 542/एमटी तक)बढ़ा, वहीं घरेलू एलपीजी का मूल्य लगभग 17% (अगस्त 2023 में 1103 रुपए से

मार्च 2026 में 913 रुपए तक) कम किया गया । पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए, घरेलू एलपीजी का प्रभावी मूल्य लगभग 32% (अगस्त 2023 में 903 रुपए से मार्च 2026 में 613 रुपए तक) कम कर दिया गया है।

घरेलू एलपीजी पर हुई 'अल्प-वसूली' के लिए, सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 में ओएमसीज को 22,000 करोड़ रुपये का मुआवज़ा दिया है और वित्त वर्ष 2025-26 में 30,000 करोड़ रुपये के अन्य मुआवज़े को मंज़ूरी दी है।

दिनांक 01.03.2026 की स्थिति के अनुसार पड़ोसी देशों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का प्रभावी मूल्य निम्नानुसार है:

देश	**घरेलू एलपीजी (रु./14.2 कि.ग्रा. सिलेंडर)**
भारत	613.00#*
पाकिस्तान	1046.34
श्रीलंका	1241.67
नेपाल	1207.81

#7 मार्च 2026 से प्रभावी

*दिल्ली में पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए प्रभावी लागत, गैर-पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी लागत ₹913 है।

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

*****